# भारतीय किसान संघ की बैठक मे किसानों की समस्याओं पर मंथन : फसल बीमा, क्रॉप कटिंग और डिग्गी अनुदान समेत 7 मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा

राजेश चौधरी

Published on 12 Jun 2026



भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गुरुवार को नोहर स्थित कृषक विश्रामगृह में **अध्यक्ष राजेद्रं सिहाग** की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन **गंगाराम बेनीवाल** ने किया। बैठक में क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उनके समाधान के लिए संगठित प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए गांव-गांव में किसान बैठकों का आयोजन करने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। किसानों की प्रमुख मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी के माध्यम से राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** के नाम ज्ञापन भी प्रेषित किया गया।

किसानों की प्रमुख मांगें

भारतीय किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी गईं—

1. मृतक किसानों की फसल बीमा क्लेम राशि उनके वैध वारिसों के खातों में तत्काल जमा करवाई जाए।
2. लंबित फसल बीमा क्लेम का भुगतान शीघ्र जारी किया जाए।
3. क्रॉप कटिंग की उपज तथा गारंटी उपज का विवरण पटवार मंडल स्तर पर सार्वजनिक किया जाए।
4. किसानों को फलदार पौधे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएं।
5. डिग्गी निर्माण का लंबित अनुदान तुरंत जारी किया जाए।
6. डिग्गी निर्माण की स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया जाए।
7. किसानों की अन्य लंबित समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने पर जोर

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की मजबूती आवश्यक है। इसके लिए गांव स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर किसानों को जागरूक करने और उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई।

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित

बैठक में भारतीय किसान संघ के उपाध्यक्ष **गंगाराम बेनीवाल**, महामंत्री **पृथ्वी साहू**, **बनवारी चोटिया**, **कृष्णा**, **मदन**, **बच्चन सिंह**, **सुरेश ढाका** सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में अध्यक्ष **राजेद्रं सिहाग** ने किसानों की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठन किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.